## Headline

1. **Sensex Opening Bell: नई ऊंचाइयों पर शेयर बाजार; सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी ने 25250 को छूआ**
2. **Revanth Reddy: सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद CM रेवंत ने दी सफाई; कहा- न्यायिक प्रक्रिया में मेरा दृढ़ विश्वास**
3. **J&K Elections: चिनाब की सीटें भंवर में... चार प्रतिशत वोट का खेल, BJP के गढ़ में प्रतिद्वंद्वियों ने सजाया रण**
4. **Kangana Ranaut: रिलीज से पहले मुश्किलों में कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी'; तेलंगाना में प्रतिबंध लगाने की तैयारी!**


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 48 | इंदौर, शुक्रवार 30 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# ऑक्सीजन प्लांट में ब्लास्ट, 4 कर्मचारी झुलसे

**सभी इंदौर रेफर, एक की हालत गंभीर; केमिकल ट्रांसफर करते समय हादसा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। औद्योगिक थाना क्षेत्र में स्थित मालवा ऑक्सीजन प्लांट में शुक्रवार सुबह केमिकल में आग लगने से ब्लास्ट हो गया। इससे वहां काम कर रहे चार कर्मचारी झुलस गए। झुलसे हुए कर्मचारियों को इलाज के लिए रतलाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद झुलसे हुए कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।**

जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार व शुक्रवार की दरमियानी रात 3 से 4 बजे के बीच हुआ। बताया जाता है कि ओद्योगिक क्षेत्र मे स्थित मालवा ऑक्सीजन प्लांट के प्रोडक्शन यूनिट मे चार कर्मचारी केमिकल मिलाने का काम कर रहे थे।



### ये मजदूर झुलसे

तभी रिएक्टर में अचानक आग लग गई, जिससे वहां काम कर श्रमिक 30 वर्षीय मुकेश पुत्र रमेश कछावा निवासी टैगोर कॉलोनी, 40 वर्षीय सुपडु पुत्र पोपट निवासी नयागांव, 50 वर्षीय कालूराम पुत्र रामकिशोर कैथवास निवासी अंबिका नगर तथा 35 वर्षीय सचिन पुत्र शंकर लाल निवासी डोसीगांव झुलस गए।

### बर्न यूनिट में ले जाकर भर्ती किया

झुलसे कर्मचारियों को वाहनों से सुबह करीब 6 बजे जिला अस्पताल की बर्न यूनिट में ले जाकर भर्ती कराया गया। एक श्रमिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। झुलसे कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उन्हें मेडिकल कॉलेज की बजाए एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया है।

प्रोडक्शन इंचार्ज प्रहलाद पुरोहित के मुताबिक इंटर मीजीएट मटेरियल को चार्ज के दौरान हादसा हुआ तथा रिएक्टर में आग लग गई। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल में घायल कर्मचारियों के स्वजन तथा पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। घायल ने झुलसे कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली।

**MP युवक कांग्रेस करेगी CM हाउस घेराव**

# पेपर लीक-भर्ती परीक्षाओं को लेकर प्रदर्शन डॉ. मोहन यादव को देंगे साढ़े चार लाख पोस्टकार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रही है। शुक्रवार को मप्र युवक कांग्रेस भोपाल में सीएम हाउस का घेराव करेगी। पिछले आठ दिन में कांग्रेस का यह चौथा आंदोलन है। अब एग्जाम में गड़बड़ी, पेपर लीक, नर्सिंग घोटाले समेत युवाओं के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव को साढ़े चार लाख पोस्टकार्ड सौंपे जाएंगे।**

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### युवाओं ने पोस्ट कार्ड लिखकर बताई समस्या

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह ने बताया कि यूथ कांग्रेस ने दो महीने पहले युवा कांग्रेस ने 'क्या हुआ तेरा वादा' अभियान की शुरुआत की थी। अभियान में करीब साढ़े चार लाख युवाओं ने पोस्ट कार्ड लिखकर समस्याएं व्यक्त की हैं। शुक्रवार को अभियान का समापन होगा। बक्से और बोरियों में भरकर ये पोस्ट कार्ड मुख्यमंत्री को सौंपे जाएंगे। भाजपा ने जो सपने दिखाए और बाद में उन सपने को बेच दिए, लेकिन सपने पूरे नहीं किए। बहनों को तीन हजार रुपए देने का वादा किया लेकिन, आज तक 3000 रुपए लाड़ली बहनों को नहीं मिले।

### कॉन्स्टेबल भर्ती नहीं हो पाई

मितेंद्र ने कहा- 2018 और 2023 में भाजपा ने नौकरियों को लेकर वादा किया था। 80 हजार पदों के लिए 80 लाख युवाओं ने फॉर्म भरे, लेकिन नौकरी नहीं मिल पाई। 2023 में कहा कि ढाई लाख नौकरियां देंगे। इस बार विधानसभा सत्र में उन नौकरियों पर चर्चा नहीं हुई। एमएसपी को लेकर कितने किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को लागत का मूल्य नहीं मिल रहा। नर्सिंग घोटाले में सीबीआई को जांच सौंपी। जांच करने वाले ही भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए। जांच में दो-तीन लोगों को बर्खास्त कर दिया, लेकिन असली दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई।

### ट्रैफिक भी डायवर्ट रहेगा, इन रूट पर जाने से बचें

रंगमहल चौराहा से लेकर रोशनपुरा चौराहा तक जीटीबी कॉम्प्लेक्स के सामने का रास्ता बंद रहेगा। यह रास्ते सुबह 10 बजे से बंद कर दिए जाएंगे। रोड पर एक तरफ प्रदर्शनकारी तो दूसरी तरफ पुलिस बल रहेगा। इसके चलते, जहांगीराबाद से रोशनपुरा होकर आने वाले अनुमति प्राप्त सभी व्यावसायिक वाहन, सिटी बस आदि वाहन रोशनपुरा चौराहा, टीटी क्रास होकर अटल पथ होकर आ-जा सकेंगे। डीसीपी ट्रैफिक संजय सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के वाहन की पार्किंग की व्यवस्था टीटीनगर पार्किंग, एमएलए रेस्ट हॉउस और टीटी नगर दशहरा मैदान की गई है। इन रास्तों पर ट्रैफिक का दबाव रहेगा। इस दौरान भारत माता चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलीटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा, केएन प्रधान तिराहा, गांधी पार्क आदि चौराहा/तिराहा पर बैरिकेडिंग की गई है। तत्काल आम ट्रैफिक को रोक दिया जाएगा।

# देश की आर्थिक प्रगति के लिए जिलों को विकास की धुरी बनाना होगा

## मध्यप्रदेश में इंदौर और भिंड के बीच प्रति व्यक्ति आय की खाई को पाटना जरूरी : आशीष कुमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत सरकार के नीति आयोग के फेलो एवं वरिष्ठ अर्थशास्त्री आशीष कुमार ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए जिलों को विकास की धुरी बनाना होगा। मध्य प्रदेश में इंदौर और भिंड के बीच प्रति व्यक्ति आय में पैदा हो रही खाई को पाटना जरूरी है।**

वे आज यहां अभ्यास मंडल की 63वीं व्याख्या माला के पहले दिन श्रोता बिरादरी को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले सांसद शंकर लालवानी एवं वरिष्ठ अभिभाषक तथा व्याख्यान वाला समिति के अध्यक्ष अशोक चितले ने दीप प्रज्वलित कर व्याख्यान माला का शुभारंभ किया। जिला विकास की धुरी विषय पर संबंधित करते हुए अर्थशास्त्री आशीष कुमार ने कहा कि देश के हर नागरिक को चाहिए



कि वह देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जाने। भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2047 में भारत को विकसित देश के रूप में तैयार करने और आने वाले कुछ सालों में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। देश की आर्थिक प्रगति जीडीपी के मान से तय की जाती है। इस समय भारत की जीडीपी 8.2त्न है। निश्चित तौर पर यह जीडीपी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा तेज है। इससे स्पष्ट है कि भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्राइमरी सेक्टर याने की कृषि और खनन से 45त्न आय अर्जित हो रही है। इसके बाद में सेकेंडरी सेक्टर यानी कि उत्पादन से 18त्न आय अर्जित हो रही है। जबकि सर्विस सेक्टर में ग्रोथ 36त्न है। इन आंकडों से यह स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश उत्पादन के क्षेत्र में पिछड रहा है। ऐसे में यहां पर औद्योगीकरण को स्थाई और निरंतर स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस समय जिलों की अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा फर्क सामने आ रहा है। यदि हम मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां पर प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से इंदौर में व्यक्ति की आय 1.51 लाख रुपए है तो भोपाल में यह आय 1.40 लाख रुपए है। जबकि मध्य प्रदेश के ही भिंड में यह आय मात्र 66000 रु और झाबुआ में मात्र 68000 रु है। इससे स्पष्ट है कि इंदौर की तुलना में भिंड और झाबुआ में आय आधी है। इस खाई को बढऩे से हमें रोकना होगा। सरकार को यह कोशिश करना होगी कि इंदौर की तरह ही अन्य जिलों में भी प्रति व्यक्ति आय बढें। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि का स्वागत एनके उपाध्याय और डॉ पल्लवी अढाव ने किया। कार्यक्रम का संचालन माला सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि को स्मृति चिन्ह राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य केके शर्मा ने भेंट किया। आभार प्रदर्शन अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने किया।

# कैशलेस बिजली बिल भरकर हर बार छूट पा रहे लाखों उपभोक्ता

## प्रतिमाह डेढ़ करोड़ से ज्यादा की छूट दे रही बिजली कंपनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर शहर, इंदौर जिला, इंदौर संभाग के सभी आठों जिले एवं उज्जैन संभाग के सभी सातों जिलों में कैशलेस तरीके से बिजली बिल भरने वालों की संख्या में सतत इजाफा हो रहा है। अब कैशलेस बिजली बिल भुगतान करने वालों की संख्या सोलह लाख के पार हो गई है। इन्हें प्रतिमाह बिजली कंपनी डेढ करोड़ से ज्यादा की छूट दे रही है।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के एमडी अमित तोमर ने गुरुवार को वाणिज्य संकाय के अधिकारियों के साथ मिटिंग की। श्री तोमर ने कहा कि कैसलेस बिजली बिल भरने से उपभोक्ताओं को मप्र विद्युत नियामक आयोग के आदेशानुसार छूट दी जा रही है। निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को बिल राशि की आधा प्रतिशत या न्यूनतम 5 रूपए छूट दी जा रही है। इसी तरह निम्नदाब गैर घरेलू उपभोक्ताओं को 5 से 20 रूपए तक की छूट प्रदान की जा रही है। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि उच्चदाब उपभोक्ताओं को कैशलेस बिल भुगतान पर प्रति बिल न्यूनतम 100 रूपए व अधिकतम 1000 रूपए की छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट अगले बिल में स्पष्ट दिखाई देती है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर शहर में 5.50 लाख से ज्यादा उपभोक्ता अपने मोबाइल, लेपटॉप, टेबलेट, कम्प्यूटर से कैशलेस तरीके से बिल भर रहे है। इन्हें प्रतिमाह 40 लाख से ज्यादा की छूट दी जा रही है। इंदौर शहर और इंदौर ग्रामीण इस तरह इंदौर जिले में साढ़े छः लाख उपभोक्ता कैशलेस बिजली बिल अदा कर रहे हैं।

# अनंत चतुर्दशी की झांकियों के लिए आईडीए ने 3-3 लाख की सहायता की

## पांच मिलों की समितियों को सहायता राशि के चेक भेंट किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में गणेशोत्सव की धूम शुरु होने वाली है। वहीं दूसरी और अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकियों के लिए कलाकारों ने अभी से अपनी अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। मिलों की झांकियों की परम्परा को कायम रखने के लिए इस बार भी नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण समेत अन्य संस्थाएं आर्थिक मदद के लिए आगे आ रही है। इसी क्रम में प्रत्येक मिल को 3-3 लाख रुपए की राशि प्रदान करते हुए इंदौर विकास प्राधिकरण ने शुरुआत कर दी है। अब नगर निगम भी अगले दो तीन दिनों में मिलों को चेक प्रदान कर देगा।**

जानकारी के मुताबिक शहर की सांस्कृतिक परंपरा को अक्षुण बनाए रखने के उद्देश्य से अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली परंपरागत झांकियों में शहर की प्रमुख 5 मिलों की गणेश उत्सव समितियों द्वारा प्रतिवर्ष झांकियों का निर्माण किया जाता है। इन झांकियों के निर्माण के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा प्रत्येक गणेश उत्सव समितियों को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्राधिकरण मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार ने बताया गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय में विधायक मधू वर्मा की उपस्थिति में सभी मिलों की गणेश उत्सव समितियों के प्रतिनिधियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।

सीईओ अहिरवार ने बताया की प्रारंभ में यह राशि 50 हजार रुपये थी, जो अब बढक़र 3 लाख रुपये की जा चुकी है। परंपरा इन झांकियों के लिए प्राधिकरण द्वारा गत वर्ष से 3 लाख रुपए की राशि प्रत्येक मिल की गणेश उत्सव समिति को दिए गए है। प्राधिकरण कार्यालय में मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल, कल्याण मिल एवं हुकमचंद मिल के कैलाश कुशवाह, कन्हैया लाल मरमट, दिलीप माथुर, हरनाम सिंह धारीवाल तथा नरेंद्र श्रीवंश को सहायता राशि के चेक भेंट किए गए।

प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष श्री अहिल्या उत्सव समिति को रुपये 8 लाख का चेक प्रदान किया गया जिसे समिति के सदस्य सुधीर देडगे ने ग्रहण किया, उल्लेखनीय है की लोकमाता अहिल्या की स्मृति में श्री अहिल्या उत्सव समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष किए जाने वाले कार्यक्रमों के सुचारु संचालन हेतु यह राशि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर प्राधिकरण कार्यालय के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# संस्कृत सीखने से उच्चारण शुद्ध और प्रभावी होता है: सूर्यकांत नागर

## बाल निकेतन संघ में धूमधाम से मना संस्कृत दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पागनिसपागा स्थित बाल निकेतन संघ विद्यालय परिसर में हाल ही में गए संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में लेखक एवंम. प्र. हिंदी साहित्य समिति इंदौर के उपसभापति, सूर्यकांत नागर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम से सेवानिवृत एवं लेखक अरविंद रामचंद्र जवलेकर, बाल निकेतन संघ की सचिव डॉ श्रीमती नीलिमा अदमणे, विद्यालय प्राचार्य श्री संदीप धाकड़ मौजूद रहे। इस अवसर पर बाल निकेतन संघ की सचिव डॉ. नीलिमा अदमणे ने कहा संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं का मूल है, हमारी संस्कृति की जड़ें भी वहीं से निकलती है। इस अवसर पर संस्कृत का महत्त्व समझाते हुए लेखक एवं म. प्र. हिंदी साहित्य समिति इंदौर के उपसभापति, सूर्यकांत नागर ने कहा संस्कृत सीखे बिना हम अपने उस साहित्य को नहीं जान सकते, जो ऋषि मुनि और तपस्वी धरोहर के रूप में छोड़ गए हैं। इस भाषा को बोलने, सीखने से उच्चारण शुद्ध और प्रभावी होता है। कार्यक्रम का संचालन बाल निकेतन संघ की अध्यापिका वर्षा दुबे एवं आभार अंजलि सिंह ने माना।

# जयपुर में विद्वानों द्वारा श्रीकृष्ण लीला का वर्णन प्रस्तुत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ग्रेण्ड चाणक्य हॉटल जयपुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन के सदस्य पूर्वी चेलावत, मनीषा चेलावत, प्रीति पाडलिया, पंकज जैन, राजकुमार अग्रवाल, एम के जैन, नेहा जैन जयपुर, अर्चना राजवाल एवं सचिन लोटारकर का सम्मान सुविख्यात विद्वान अजय भाम्बी दिल्ली एवं श्री दिलीप राजपाल, पूर्वमंत्री द्वारा किया गया। एम के जैन ने कहा कि 23 तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ की बारात निकलते समय एक बाड़े में सैकड़ों निरीह पशु दिखाई दिये, प्रभु को जिज्ञासा होने पर बताया गया कि दूर - सुदूर देश के राजाओं के भोजन हेतु इन्हें एकत्र किया है। करुणावश चचेरे भाई भगवान श्रीकृष्ण से विचारोपरान्त विवाह न करने के निश्चय के साथ दीक्षा लेकर गिरनार पर्वत पर तप हेतु जा पहुंचे। भगवान नेमीनाथजी एवं भगवान श्रीकृष्णजी मे प्राणीमात्र के लिये हृदय मे जीवन्त पर्यंय करुणा का भाव रहा है। कार्यक्रम का संचालन आयोजक स्वामी भारद्वाज ने किया।

# संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने ली इंदौर में शक्ति-केंद्र की बैठक

## विधानसभा क्रमांक 5 के शक्ति केंद्र क्रमांक 2 की बैठक को किया संबोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने सदस्यता अभियान ह्लसंगठन पर्वह्व को लेकर इंदौर नगर की विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 37 के शक्ति केंद्र क्रमांक 2 की बैठक ली। इस बैठक में बूथ क्रमांक 74, 75, 81 और 83 के पदाधिकारी, समिति सदस्य और कार्यकतार्ओं को उन्होंने संबोधित किया।**

शर्मा ने कहा कि चाहे गांव को शहर से जोडऩा हो, गरीबों को अपने मकान देना हो, देश में गरीबों को मुफ्त राशन बांटना या किसानों को सम्मान निधि के माध्यम से राशि पहुंचने का काम करना हो या फिर देश की जनता के स्वास्थ्य की चिंता आयुष्मान कार्ड के माध्यम से करनी हो यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने किया है। पहले देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था लेकिन एक समय ऐसा आया कि कांग्रेस सरकार में देश का सोना गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आज हम विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनकर खड़े हैं और जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। जिससे फिर से भारत सोने की चिडिय़ा बनने जा रहा है।

शर्मा ने आगे कहा कि आज अधिक से अधिक लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनना चाहते हैं हमें घर-घर पहुंचकर उन्हें जोडऩे का कार्य करना है। 31 तारीख तक बूथ की संरचना कर लेनी है। जब राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाएंगे उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सदस्यता दिलाएंगे उसके बाद नगर, विधानसभा वार्ड और बूथ की टोली को यह सदस्यता अभियान में जुट जाना है।

## दूसरी मंजिल से गिरी मासूम, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खुड़ैल में ढाई साल की बच्ची की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। वह घर के अंदर खेल खेलते-खेलते बालकनी में पहुंची। यहां रैलिंग के अंदर से झांकने लगी। इस दौरान वह नीचे गिर गई। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने एमवाय रैफर कर दिया। पांच घंटे चले उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया।

खुड़ैल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ढाई साल की साक्षी सिसौदिया की दूसरी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। पिता बादल उसे घायल अवस्था में बुधवार शाम एमवाय लेकर पहुंचे। साक्षी के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई थी। साक्षी के पिता बादल और मां चार माह पहले ही खंडवा से इंदौर आए थे। यहां बादल निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। परिवार के मुताबिक हादसा साक्षी नाना के घर हुआ। मामा जितेन्द्र ने बताया कि घटना के समय परिवार के बाकी सदस्य काम पर गए हुए थे। परिवार के मुताबिक बादल की शादी को चार साल के लगभग हो गए। उनका परिवार खेती किसानी करते हैं। परिवार ने बताया कि साक्षी उनकी इकलौती बेटी है। मां को बेटी मौत को लेकर सुबह तक जानकारी नहीं दी गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

खजराना मंदिर परिसर में हादसा

# तीन माह की बच्ची हौज में डूबी, संदिग्ध मामले की जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना मंदिर परिसर में तीन माह की बच्ची हौज में डूब गई। बताया जाता है कि वह अपने माता पिता के साथ यहां पर सो रही थी। अलसुबह मां की नींद खुली तो बच्ची को ढूंढा जिसमें वह हौज में पड़ी थी। डॉक्टरो को जब मामले की जानकारी लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना की है। तीन माह की बच्ची घुटने से भी नही चल पाती। इसे लेकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना खजराना परिसर की है। यहां फूल बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले कालू साहू की तीन माह की बेटी आरती का शव शुक्रवार अलसुबह हौज में पड़ा मिला। सुबह बच्ची को लेकर 5 बजे वह एमवाय पहुंचा। उसने डॉक्टरो को मामले की जानकार दी। कालू ने बातचीत में बताया कि वह बड़ी बेटी,पत्नी के साथ सोया था। सुबह पत्नी ने बताया कि बेटी पास में नही है। इसके बाद आसपास ढूंढा तो कुछ ही दूरी पर बनी हौज में बेटी का शव मिला। कालू के मुताबिक खजराना परिसर में कैमरे लगे है। संभवत वहां फुटेज में घटना कैद हुई होगी।

### मामला संदिग्ध जांच कर रहे

टीआई मनोज सेंधव का इस मामले में कहना है कि तीन माह की बच्ची की मौत को लेकर उन्हें जानकारी लगी है। मामला संदिग्ध है। जिसमें जांच की जा रही है।

## अग्निवीर भारतीय वायुसेना भर्ती के संबंध में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आज शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भारतीय वायुसेना भर्ती के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला/मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वान्ह के सत्र में शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर के प्रशिक्षणार्थियों को एवं आईटीआई इंदौर के एनसीसी कैडेड्स को उक्त योजना के अंतर्गत भर्ती प्रकिया की पूर्ण जानकारी भारतीय वायुसेना के अधिकारियों द्वारा दी गई। बाद में शासकीय हायर सेकेंड्री सीएम राइज स्कूल नंदानगर इंदौर के विद्यार्थियों को उक्त योजना के विषय में जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला/मार्गदर्शन शिविर में स्कूल के छात्र- छात्राओं द्वारा भारतीय वायुसेना के अधिकारियों से कई प्रश्न किये गए।

# एमवायएच में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग ऑफिसर में विवाद

### डॉक्टरों पर मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग ऑफिसर में विवाद हो गया। नर्सिंग ऑफिसर का आरोप है कि डॉक्टरों ने उनके साथ मारपीट की। अब दोनों पक्ष डीन और सुपरिटेंडेंट से मिलेंगे।**

मामला गुरुवार शाम को ऑर्थोपैडिक ऑपरेशन थिएटर का है। यहां डॉक्टरों ने एक ऑपरेशन किया और दो सैंपल बायोप्सी के लिए रखे थे। बाद में ये सैंपल जांच के लिए नहीं भेजे जाने पर जूनियर डॉक्टर प्रवीण मिश्रा और डॉ. हेमंत का नर्सिंग ऑफिसर सुनील मेवाड के साथ विवाद हुआ। मेवाड का आरोप है कि दोनों ने उनकी पिटाई की। उनका कहना है कि मेरी ड्यूटी दूसरे यूनिट में थी। इसके बावजूद मुझे जिम्मेदार ठहराते हुए मुझे पीटा गया।

मप्र नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश कुमार जाट ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को एसोसिएशन डीन और सुपरिटेंडेंट से मिलकर उन्हें ज्ञापन देगा। अगर संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन होगा। उधर, इंदौर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका भी एसोसिएशन मामले में डीन-सुपरिटेंडेंट से मिलकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करेगा।

34 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का मामला

# कागजों पर साइन करवाने के बहाने घर पहुंचकर की वारदात

### आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में आरोपी ने एक 34 वर्षीय महिला से दुष्कर्म कर लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।**

उप निरीक्षक दशरथ सिंह मंडलोई ने बताया कि महिला बुधवार रात को थाने में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसकी कंपनी में काम करने वाले आरोपी संदीप खत्री ने कंपनी में काम के दौरान उसके घर का पता निकाल लिया। इसके बाद 23 अगस्त को शाम 6 बजे कागजों पर साइन करवाने के बहाने उसके घर पहुंच गया। इस दौरान महिला घर पर अकेली थी, इसके बाद आरोपी ने दरवाजा अंदर से बंद कर महिला के साथ दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि आरोपी संदीप ने बदनामी का डर दिखा कर उससे ढाई लाख रुपए भी अपने खाते में ट्रांसफर भी करवा लिए। इसके बाद महिला ने सारी घटना अपने परिचितों को बताई और बुधवार रात को थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी संदीप खत्री के खिलाफ 376,376/2,452,506,384 धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### 4 सौ रुपए के लिए डंडे से हमला

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक पुताई वाले पर उसके साथी ने महज 400 के विवाद के लिए डंडे से हमला कर दिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एमआईजी पुलिस के अनुसार फरियादी कैलाश पिता मंगल टांडेल निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी की शिकायत पर उसके साथी राकेश चाकरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कैलाश ने पुलिस को बताया कि वह राकेश के साथ पुताई के लिए भूसा मंडी में गया था, वहां से लौटे तो उसने राकेश से अपने काम के 1100 मांगे तो आरोपी राकेश ने उसे 700 रुपए दिए तो कैलाश ने 400 और मांगे। राकेश ने पैसा देने से मना कर दिया इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ तो राकेश अपने घर के अंदर गया और डंडा लेकर आया और हमला कर दिया।

# बाइक से टक्कर मारी,विरोध किया तो कान चबा लिया

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने आरोपी को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाइक से टक्कर मारने के बाद युवक ने एक्टिवा पर सवार दंपती से विवाद किया और मारपीट भी कर दी। इस दौरान बाइक सवार आरोपी ने पति का कान भी चबा डाला। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने आरोपी को पकडकर पुलिस के हवाले किया है। मामला तुकोगंज इलाके का है। अमित पिता रमेशचन्द्र नाहर, ने अपनी पत्नी रवीना चौहान के साथ थाने पहुंचकर बताया कि मैं नाहर ट्रेवल्स ट्रांसपोर्ट का काम करता हूं, मेरा नाहर ट्रेवल्स के नाम से झाबुआ टावर पर आफीस है । गुरुवार शाम मै अपनी पत्नी रवीना के साथ अपनी एक्टीवा से पेट्रोल डलवाने के लिए नेहरु पार्क रोड से होते हुए जा रहा था कि रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नं. 5 के गेट के पास पीछे से एक बाइक के चालक ने टक्कर मार दी।

**पत्नी से भी झूमाझटकी-** मैने उसका विरोध किया तो मुझे मां बहन की गालियां देकर मेरे साथ हाथ मुक्को व हेलमट से मारपीट शुरू कर दी,मेरी पत्नी रवीना ने बीच बचाव किया तो उनके साथ ती झूमाझटकी की और मेरे बांये कान में अपने दांतो से काट लिया । आगे यातायात पुलिसकर्मी खडे थे उन्होंने बाइक सवार को पकड़ लिया। उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रोहित पिता संजय मंडलीक , तिलक नगर बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## जोनल अधिकारी से बदसलूकी करने पर एफआईआर

इंदौर। इंदौर नगर निगम के जोनल अधिकारी के केबिन में घुसकर साथ बदसलूकी करने और धमकाने के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल निगम की टीम ने वेस्ट बिल्डिंग मटेरियल मामले में चालानी कार्रवाई की थी, उस पर से विवाद हुआ था। इसके बाद जोन अध्यक्ष ने जोनल अधिकारी को थाने ले जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। घटना गुरुवार दोपहर को प्रगति नगर, राजेंद्र नगर में हुई थी। जोन-21 के जोनल अधिकारी राहुल रघुवंशी वार्ड 80 के 297 राज लक्ष्मी पैराडाइज पहुंचे थे। वहां उन्होंने वेस्ट बिल्डिंग मटेरियल देखा तो टीम को मौके पर मलबा हटाने और चालान बनाने के लिए भेजा। टीम वहां पहुंची और चालान बनाया। कुछ देर बाद इस बिल्डिंग से जुडे गोविंद गुप्ता और आनंद गुप्ता जोनल ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने जोनल अधिकारी राहुल रघुवंशी से बदसलूकी की और धमकियां दीं।

फर्जी एडवाइजरी कंपनी पर छापा

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने फर्जी एजवाइजरी कंपनी पर छापा मार कार्रवाई की है। यहां दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इलेक्ट्रानिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पकड़ाए आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।**

पुलिस उपायुक्त जोन 2 अभिनय विश्वकर्मा एवं अति पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह द्वारा एसीपी परदेशीपुरा नरेंद्र रावत को योजना बना कर एवं टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। एसीपी परदेशीपुरा द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है,गुरवार को एमआईजी क्षेत्र मे यामहा शोरूम के ऊपर श्रीटेक इंटर प्राइसेस एवं जे आर एसोसिएटस पर कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 17 मोबाइल, 3 सीपीयू कंप्यूटर,1 लैपटॉप बरामद किया गया।

### धोखाधड़ी केस की विवेचना में पता चला

गत दिनों आवेदक मोहम्मद इमरान की रिपोर्ट पर थाना एमआईजी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान साइबर सेल की सहायता से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर एवं पूछताछ कर अन्य आरोपियों के संबंध मे जानकारी ली थी जिनमें गुरवार को पूर्व मे लिए गए मेमोरंडम के आधार पर आरोपी सुशील पिता ओमप्रकाश पटेल, सुखलिया एवं सचिन पिता चंदूलाल बिरला,सनावद को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

### मुनाफे के नाम पर निवेश कराते थे

पूछताछ में पता चला कि ये इंटरनेट के जरिये शेयर मार्केट मे निवेश करने वाले व्यक्तियों का डाटा कलेक्ट करके उनको फर्जी नाम पते वाली सिमो से कॉल करके शेयर मार्केट मे अच्छा मुनाफा दिलाने के नाम पर अपनी कंपनी मे निवेश करवाते थे और उनके लगाये गए रुपए वापस न करके धोखा धड़ी करते थे

# 2 मौत, 60 अस्पताल में, अज्ञात बीमारी से दहशत

## ग्रामीण बोले- अचानक नसें खींचने लगती है, बेहोशी छा जाती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, (एजेंसी)।** जिले की ग्राम पंचायत गुरवा के टेरम गांव में इन दिनों दहशत का माहौल है। लोग इस गांव में घुसने से भी डर रहे हैं। कारण अज्ञात बीमारी। उल्टी-दस्त, बुखार और नसों के खिंचने से दो लोगों की मौत और 60 लोगों के चपेट में आने के बाद हालात बिगड़ गए हैं। सभी बीमारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में भर्ती करवाया गया, जहां से 13 की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बीएमओ दूषित वातावरण और खुला भोजन खाने और दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त और बुखार होने की बात कह रहे हैं, लेकिन बीमारी फैलने के कारण स्पष्ट नहीं है।

वहीं, पीएचई विभाग के अफसर का दावा है कि हम पानी के रोज सैंपल ले रहे हैं, पानी में बीमारीफैलने जैसे कोई सैंपल नहीं मिले हैं। हालांकि स्वास्थ्य व प्रशासनिक विभाग की टीम गांव में संपर्क बनाए हुए हैं।

### जंगलों से घिरा गांव, अधिकांश लोग कोरकू समुदाय से

बैतूल से 105 किमी दूर भीमपुर ब्लॉक का टेरम गांव में इन दिनों स्वास्थ्य, पीएचई और जिला प्रशासन के केंद्र पर है। जंगलों से घिरे गांव में 150 घरों की आबादी में अधिकांश कोरकू समुदाय के लोग रहते हैं। भीमपुर विकासखंड मुख्यालय से खामापुर होकर जाने वाली सड़क पर जब गुरवा पिपरिया पंचायत की तरफ हम मुड़े तो कच्ची पगडंडी टेरम गांव की तरफ ले जाती है। एक से दो कमरे के कच्चे मकानों के सामने जानवरों के बांधने के बाड़े बने हुए हैं।

तीन दिन पहले गांव के बिसराम (30) पिता शोभाराम की अचानक मौत हो गई।? बिसराम उल्टी-दस्त और पैर की नसों के खिंचाव से पीड़ित 55 साल की मिठिया को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया था। यहां बिसराम की तबीयत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। हालांकि कुछ घंटे बाद मिठिया की भी मौत हो गई। इसके बाद एक-एक कर गांव के 60 लोग बीमार पड़ गए।

### झांड-फूंक वाले ने दैवीय प्रकोप बताया

यह बात भी निकल कर सामने आई है कि गांव के भगत ने बीमारी फैलने के बाद ग्रामीणों को दैवीय प्रकोप बताकर डरा दिया था। वह हर घर-घर जाकर झाड़ फूंक करता रहा। उसने ग्रामीणों को साफ कह दिया था कि वे अपने घरों से न निकलें और कहीं बाहर न जाएं। घर में कोई भी खाना बघार कर यानी फ्राई करके न बनाए। इसी वजह से ग्रामीण बीमार होने के बावजूद घरों से नहीं निकले। जब गांव में दो मौत हो गई और समस्या बढ़ने लगी तो उन्होंने अस्पताल का रुख किया।

### गांव में चार-चार ढाने, 150-200 मकान

ग्रामीण वामन पोटे के मुताबिक जिस ढाने में युवक की मौत हुई है, वहां दहशत है। गांव के चार चार ढाने हैं, जो एक दूसरे से दो सौ मीटर दूरी पर है। इसमें करीब 150 से 200 मकान है। जिनकी 1500 आबादी है, लेकिन मौत के बाद इन लोगों ने उस ढाने में जाना बंद कर दिया है। उन्हें लगता है कि बीमारी कहीं उन्हें न लग जाए।

### गांव का ट्यूबवेल सील, हैंडपंप भी बंद

ग्रामीण ट्यूबवेल का पानी पी रहे थे। पीएचई के अफसर ने बताया कि हमने जल स्रोत की जांच कराई, उसमें कुछ नहीं निकला। फिर भी इसे सील कर दिया है। एसडीएम शैलेंद्र हनोटिया बताते हैं कि गांव में अब टैंकर से पानी भेजा जा रहा है, ताकि अगर पानी से समस्या हुई हो तो वह रुक जाए। गांव से 60 लोग भीमपुर भेजे गए थे, जिनमें कुछ बैतूल रैफर किए गए हैं। ये सारी समस्या खाने-पाने की ही है।

# शराब की ऐसी लत, बेच दिए घर के बर्तन-टीवी

## जन्माष्टमी मनाकर पत्नी मायके से लौटी, विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। राजधानी में शराब की लत के चलते एक युवक ने घर के बर्तन और टीवी बेच दी। रक्षाबंधन का त्यौहार मनाकर वापस लौटी पत्नी ने टीवी और बर्तन गायब मिलने पर जब पति से बात की, तो दोनों के बीच विवाद हो गया। पत्नी से झगड़े के करीब 30 मिनट बाद फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर गौतम नगर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।**

गौतम नगर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में 42 वर्षीय योगेंद्र पाल रहते हैं। वह काफी शराब भी पीते हैं। योगेंद्र की पत्नी रक्षाबंधन के बाद जन्माष्टमी मनाकर मायके से बुधवार को घर पहुंची। महिला को घर में टीवी और किचिन में बर्तन गायब मिले। इस पर महिला ने पति योगेंद्र पाल से घर में नहीं मिल रहे जरूरी सामान के बारे में पूछा। लेकिन, योगेंद्र ने पत्नी को कोई उत्तर नहीं दिया। इसके बाद दोनों की बीच झगड़ा हुआ। पति से बढ़ते विवाद को टालने पत्नी पड़ौस के घर में चली गई। इधर, घर से पत्नी के बाहर जाने के बाद योगेंद्र पाल ने कमरे में साड़ी से फंदा बनाकर, फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पत्नी पड़ौसी के घर से लौटी तो पति को ... मामा मनोहर लाल सिसौदिया ने बताया कि विवाद के बाद योगेंद्र की पत्नी जब पड़ौसी के घर से अपने घर वापस लौटी तो उसे योगेंद्र फंदे पर लटका मिला। तत्काल बहू ने परिजनों से घटना की सूचना दी और योगेंद्र को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर गए। यहां डॉक्टर्स ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि योगेंद्र मजदूरी करता था। उसे दो बच्चे हैं, जो स्कूल में पढ़ते हैं।

# 3 साल के बेटे, 5 साल की बेटी की हत्या

## मां ने कुल्हाड़ी से गर्दन काटी, कहा- मैं भी मरना चाहती थी, मन बदल गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन, (एजेंसी)। रायसेन में एक मां ने अपने 3 साल के बेटे और 5 साल की बेटी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर गिरफ्तार कर लिया। महिला ने बच्चों की हत्या क्यों की, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। मामला जिला मुख्यालय से 140 किलोमीटर दूर देवरी वार्ड क्रमांक-4 में गुरुवार करीब 11.30 बजे का है।**



### बेटी के शव के पास जला गद्दा मिला

एएसपी कमलेश कुमार ने बताया, देवरी थाना क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े 11 बजे राधिका आदिवासी ने बेटे-बेटी की गर्दन कुल्हाड़ी से काट दी। बच्चों में नैना (5) और देव (3) शामिल हैं। महिला का पति ढाबे पर काम करता है, जो घटना के समय घर पर नहीं था। पति जब घर पहुंचा, तब उसे घटना की जानकारी मिली। उसने पुलिस को सूचना दी। बच्ची के शव के पास एक जला हुआ गद्दा मिला है।

### पति ने कहा- पत्नी का इलाज चल रहा है

जानकारी के अनुसार, महिला जिस झोपड़ी में रहती है, वहीं बच्चों की हत्या की। वो पुलिस पूछताछ में बार-बार बयान बदल रही है। पहले उसने कहा कि वह पति से अलग होना चाहती थी, इसलिए बच्चों को मार डाला। फिर कहने लगी कि खुद भी मरना चाहती थी, लेकिन बच्चों की हत्या के बाद मूड बदल गया और सुसाइड नहीं किया। महिला के पति का कहना है कि पत्नी को 2 महीने पहले सिर में दर्द हुआ था। उसका इलाज चल रहा था।

### सुबह दादा के साथ नजर आए थे बच्चे

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह बच्चे दादा के साथ नजर आए थे। उन्होंने दोनों बच्चों को चॉकलेट दिलाई थी। बच्चे के पिता और दादा दोनों घर से करीब आधा किमी दूर एक ढाबे पर काम करते हैं। वे काम पर चले गए थे। दोपहर करीब 12 बजे महिला को बैग लेकर मेन रोड की ओर जाते देखा। जब हम उसकी झोपड़ी की ओर गए तो धुआं उठते देखा। तत्काल दादा को फोन किया और घर बुलाया। पड़ोसी जब झोपड़ी के पास पहुंचे तो दोनों बच्चे भीतर लहूलुहान पड़े थे। पास में ही कपड़े और सामान जल रहा था। तत्काल पानी डालकर आग को बुझाया। कपड़े तो जल गए, लेकिन बच्चों की एक फोटो अधजली मिली। इसके बाद दादा पहुंचे और उन्होंने बेटे और पुलिस को कॉल किया।

### हत्या के पीछे यह वजह भी आ रही सामने

उधर, पड़ोसियों का कहना है कि महिला की किसी युवक से दोस्ती थी। वह उससे मिलने घर आया था। तब बच्चे भी घर पर थे। बच्चों ने उसे घर पर देख लिया होगा। पति से यह बात छिपाने के लिए महिला ने बच्चों की हत्या की होगी।

# जिला अस्पताल से 4 दिन की बच्ची चोरी

## मां बोली- काली साड़ी वाली महिला ले गई, सीसीटीवी में दिखी संदिग्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, (एजेंसी)।** दमोह में जिला अस्पताल के महिला शिशु वार्ड से चार दिन की बच्ची चोरी हो गई। मां का कहना है कि थोड़ी देर के लिए मेरी आंख लगी तो पास बैठी काली साड़ी वाली महिला बच्ची को ले गई। पुलिस ने अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला। एक संदिग्ध महिला चौराहे के पास कैमरे में जाते हुए नजर आ रही हैं। पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी है।

दरअसल, पथरिया के उमराव गांव की रहने वाली वर्षा आदिवासी चार दिन पहले प्रसव पीड़ा पर जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। यहां उसने एक बेटी को जन्म दिया। गुरुवार दोपहर वह वार्ड में अपने पलंग पर बेटी के साथ सो रही थी। कुछ देर के लिए उसकी आंख लग गई। जब जागी तो बेटी पलंग पर नहीं थी।

**काली साड़ी वाली महिला कर रही थी पूछताछ-** वर्षा ने बताया कि उसके कमरे में पलंग के पास काले कलर की साड़ी पहने एक महिला बैठी हुई थी, जो मुझसे मेरी बच्ची के बारे में जानकारी ले रही थी। मैंने सोचा कि आसपास किसी मरीज की परिचित होगी, इसलिए मैं उससे बात करती रही। मेरी आंख लगी और मौके का फायदा उठाकर वहीं मेरी बेटी को चुराकर ले गई। वर्षा की ननद सविता ने बताया कि जो महिला बच्चे को चोरी करके भागी है, वह वार्ड में यहां-वहां घूम रही थी। भाभी से भी बात कर रही थी। मुझे उम्मीद नहीं थी कि वह इस तरह बच्चे को चोरी करके ले जाएगी।

**कंट्रोल रूम में महिला ने देखे सीसीटीवी फुटेज-** बच्ची के चोरी होने के बाद वहां हड़कंप मच गया। वर्षा को जिला अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे वाले रूम में बिठाया गया। उसे फुटेज दिखाए गए, ताकि बच्चा चोरी करने वाली महिला को पहचाना जा सके। उसके साथ में उसकी ननद भी मौजूद है। अस्पताल के किसी अन्य व्यक्ति ने उस महिला को नहीं देखा है, इसलिए महिला और उसकी ननद को वहां बैठाया गया है। अस्पताल के अलावा अस्पताल के आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस देख रही है, लेकिन अभी तक इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

जिला अस्पताल से बच्ची चोरी होने के बाद एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को चेतावनी दी कि यदि सीसीटीवी फुटेज में महिला नहीं मिली तो जवाबदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## दलित को शासकीय श्मशान में अंतिम संस्कार करने से रोका

**रतलाम, (एजेंसी)।** रतलाम में एक दलित महिला की मौत के बाद शासकीय श्मशान में अंतिम संस्कार करने से रोका गया। जब यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई तो पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने अंतिम संस्कार से रोकने वाले खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामला जावरा के पुलिस थाना रिंगनोद की असावती चौकी अंतर्गत ग्राम कुम्हारी का है। पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली। दलित समाज की सुगन बाई नामक महिला की मृत्यु हो गई। जब अंतिम संस्कार के लिए गांव के शासकीय श्मशान घाट पर ले गए तो गांव के दबंगो ने अंतिम संस्कार नही होने दिया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई।

# संपादकीय

संपादकीय: कोलकाता की घटना पर जनता का गुस्सा जायज

लगा था कि सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उभरा लोगों का रोष कुछ कम हो जाएगा, मगर वह और बढ़ता जा रहा है। अदालत ने घटना के विरोध में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील की थी। मामले पर कार्रवाई में बरती गई शिथिलता और लापरवाहियों को लेकर पुलिस और चिकित्सालय प्रशासन को फटकार लगाई थी। मगर उससे लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा। मंगलवार को पश्चिम बंग छात्र समाज ने 'नवान्न' अभियान शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि यह छात्रों का गैरराजनीतिक मंच है और इसकी तीन प्रमुख मांगें हैं- पीड़िता को न्याय मिले, मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें और अपराधी को मृत्युदंड मिले। अब छात्रों के विरोध में कुछ सरकारी कर्मचारी संगठनों ने भी अपना स्वर मिला दिया है। उधर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बारह घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया था, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई जगह झड़पें भी हुईं। ऐसे वातावरण में राष्ट्रपति ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों पर अत्याचार को सहन न किया जाए। किसी भी हाल में महिलाओं का उत्पीड़न रुकना चाहिए। स्वाभाविक ही इस विरोध प्रदर्शन से ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि इस मामले पर सियासी बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं। ममता बनर्जी इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं और उनका आरोप है कि केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेता भी इसमें सियासी रंग घोल रहे हैं। इस तरह कोलकाता बलात्कार और हत्या प्रकरण में अब असल मुद्दे पर कार्रवाई से अधिक राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। हालांकि इस घटना को बीस दिन हो गए और शुरू में ही ममता बनर्जी ने इस पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया था। आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया, लापरवाही बरतने वाले अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भी कार्रवाई कर दी गई। मामले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। आरोपी के सच से सामना कराने से कुछ तथ्य सामने आने की उम्मीद बनी हुई है। मगर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। अभी तक अनेक आपराधिक मामलों में ममता बनर्जी सरकार का रवैया संतोषजनक नहीं देखा गया है। उन सबका मिलाजुला, लंबे समय से जमा रोष इस घटना के बाद फूट पड़ा है। कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश प्रकट हुआ है, तो उसके पीछे भी बड़ी वजह महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही शिथिलता है। राष्ट्रपति के बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि निर्भया कांड के बारह बरस बाद भी ऐसे जघन्य अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे। मगर जब तक सरकारें राजनीतिक नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर इस दिशा में सामूहिक प्रयास से कोई व्यावहारिक और कारगर कदम नहीं उठाएंगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल बना रहेगा। ममता बनर्जी को इसे राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बनाने के बजाय लोगों को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं और बलात्कार तथा हत्या मामले में न्याय दिलाने का हर प्रयास करेंगी।

**अर्ज़ किया है..!**

*बात में बात उसी की है*
*सुनो तुम जिस की*
*यूँ तो कहने को सभी*
*मुँह में ज़बाँ रखते हैं*

*-अश्क रामपुरी*



*बात इसकी नहीं है कि आप किसी दूसरे व्यक्ति की तरह हुनर दिखा सकते हैं या नहीं, दरअसल बात यह है कि क्या आप अपनी पूर्ण क्षमता को तलाश रहे हैं?*

**- जग्गी वासुदेव**

## महिला जगत

# पैरा ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला अवनी लेखरा के संघर्ष की कहानी

ओलंपिक 2024 की मेजबानी के बाद पेरिस पैरालंपिक का आगाज हो गया है। पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। भारत की ओर से इस बार 84 पैरा एथलीट्स पेरिस पैरालंपिक 2024 में शामिल हुए हैं। पिछली बार भारतीय पैरा खिलाड़ी 19 पदक जीत कर देशों की अंक तालिका में 24वें स्थान पर रहें। इस बार भी भारतीय पैरा एथलीट्स से काफी उम्मीदें हैं।



पैरा ओलंपिक 2024 में अवनी लेखरा भी प्रतिभाग ले रही हैं। अवनी लेखरा भारत के खेल जगत में चमकता हुआ सितारा हैं, जिनकी मेहनत, साहस और समर्पण ने न केवल जीवन की दिशा बदली, बल्कि लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गईं। आइए जानते हैं, उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कहानी, जो हमें सिखाती है कि किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए।

### कौन हैं अवनी लेखरा

पैरा शूटर अवनि लेखरा, एक ही पैरा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। अवनी SH1 कैटेगरी से 10 मीटर एयर राइफल शूटर हैं। टोक्यो पैरा ओलंपिक में उन्होंने इसी श्रेणी से स्वर्ण पदक जीता था।

SH1 श्रेणी उन राइफल शूटरों के लिए है जिनके निचले अंगों में अंग-भंग या पैराप्लेजिया जैसी कमजोरी है और जो बिना किसी कठिनाई के अपनी बंदूक पकड़ सकते हैं और खड़े या बैठे हुए शूटिंग कर सकते हैं।

### 12 साल की उम्र में हुई दुर्घटना

अवनी लेखरा का जन्म 8 नवंबर 2001 को जयपुर, राजस्थान में हुआ था। वे एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जहां शिक्षा और खेल दोनों को समान महत्व दिया जाता था। लेकिन उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ 2012 में आया, जब एक कार दुर्घटना में उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी, जिससे उन्हें पैरालिसिस हो गया। महज 12 साल की उम्र में उनके साथ हुए इस हादसे ने अवनी का जीवन पूरी तरह से बदल दिया, लेकिन अवनी ने इस कठिन परिस्थिति को चुनौती के रूप में लिया।

### खेल से मिली नई राह

दुर्घटना के बाद अवनी ने अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए खेल को चुना। उनकी प्रेरणा का स्रोत था मशहूर खिलाड़ी अभिनव बिंद्रा की आत्मकथा। उन्होंने निशानेबाजी (शूटिंग) में रुचि दिखाई और अपनी मां और कोच की सहायता से इस खेल में कदम रखा। जल्द ही उन्होंने अपने हुनर को निखारना शुरू किया और 2015 में पहली बार नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया।

### पैरालम्पिक से सफलता की कहानी

अवनी की मेहनत और दृढ़ संकल्प ने उन्हें 2020 टोक्यो पैरा ओलम्पिक में भाग लेने का मौका दिलाया, जहां उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल SH1 इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। वे पैरा ओलम्पिक में गोल्ड जीतने वाली भारत की पहली महिला बनीं। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन SH1 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। अवनी की यह उपलब्धि केवल खेल में नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक सीमाओं को भी पार कर गई।

साल 2022 में अवनी ने पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतकर इतिहास रचा। बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए अवनी को खेल रत्न पुरस्कार, यंग इंडियन ऑफ द ईयर, पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

### अवनी लेखरा की शिक्षा

जयपुर केंद्रीय विद्यालय से अवनी ने स्कूली शिक्षा पूरी की। उसके बाद राजस्थान से ही कानून की पढ़ाई की। राजस्थान सरकार ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए अवनी लेखरा को सहायक वन संरक्षक के रूप में आउट ऑफ टर्न नियुक्त किया है।

New Delhi

# अब गुजरात पर चक्रवात असना का खतरा, 48 साल बाद अगस्त में अरब सागर में बनने वाला पहला तूफान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बाढ़ और बारिश से जूझ रहे गुजरात पर अब चक्रवात असना का खतरा मंडरा रहा है। अगस्त महीने में एक दुर्लभ मौसम संबंधी घटना के तहत गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में शुक्रवार को अरब सागर में चक्रवात के बनने और ओमान तट की ओर बढ़ने का अनुमान है। कच्छ और सौराष्ट्र में भारी बारिश की आशंका है। इन क्षेत्रों को रेड अलर्ट पर रखा गया है। साथ ही मछुआरों को अगले कुछ दिनों तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। गुजरात और उत्तरी महाराष्ट्र के तटों के साथ-साथ समुद्री क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक 60-65 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि



सौराष्ट्र और कच्छ के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र पश्चिम-दक्षिणपश्चिम की ओर बढ़ने तथा कच्छ और उससे सटे पाकिस्तान के तटों के पास उत्तर-पूर्व अरब सागर के ऊपर उभरने और शुक्रवार को चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। जब यह चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा तो इसका नाम असना रखा जाएगा। यह नाम पाकिस्तान ने दिया है। 1891 से 2023 तक अगस्त में अरब सागर के ऊपर केवल तीन चक्रवाती तूफान विकसित हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि यह 1976 के बाद अगस्त में अरब सागर के ऊपर बनने वाला पहला चक्रवाती तूफान होगा। 1976 में चक्रवात ओडिशा में विकसित हुआ था। एक मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि अरब सागर में अगस्त के महीने में चक्रवाती तूफानों का आना एक दुर्लभ गतिविधि है।

Jharkhand

## गले में अजगर लपेटकर मांग रहा था पैसे, सांप ने गला घोटकर मार डाला



**जमशेदपुर, (एजेंसी)** अजगर सांप दिखाकर लोगों से पैसे मांगने वाले हेमंत सिंह ने कभी सोचा नहीं होगा कि यह सांप ही उसकी जान ले लेगा। पटमदा के रपचा गांव निवासी हेमंत शहर के डिमना रोड में हीरा होटल के पास गुरुवार सुबह 9.30 बजे गले में अजगर को लपेटकर लोगों से ईश्वर के नाम पर पैसे मांग रहा था। इस दौरान अजगर ने उसका गला घोंटकर मार डाला। बताया जाता है कि अजगर के अचानक शरीर सिकोड़ने के कारण हेमंत सिंह की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। हेमंत का शरीर शांत होने के बाद ही अजगर ने उसे छोड़ा।

अजगर के हटने के बाद स्थानीय लोग हेमंत सिंह को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि 52 साल के हेमंत सिंह हमेशा गांव से सांप पकड़कर लाता था और लोगों से पैसे मांगकर जीविका चलाता था। गुरुवार सुबह भी वह अजगर को लेकर डिमना रोड पहुंचा। अजगर को उसने गले में लपेट रखा था। वह लोगों को अजगर दिखा ही रहा था कि उसने उसके गले पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। देखते ही देखते वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। वहां मौजूद लोग सांप से उसे छुड़ाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। कुछ ही देर बाद हेमंत की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि चार दिन पहले भी वह एक सांप लेकर हाइवे पर घूमते दिखा था।

Chhattisgarh

## 24 लाख का कुख्यात इनामी नक्सली जेट्टी गिरफ्तार, 35 से ज्यादा हमलों को दे चुका था अंजाम

**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो राज्यों में नक्सली हिंसा की लगभग तीन दर्जन घटनाओं में शामिल और 24 लाख रुपये के इनामी नक्सली को बीजापुर जिले में गिरफ्तार किया गया है.

उन्होंने बताया कि सोनू मुंशी जेट्टी उर्फ विकास (35) को सुरक्षा बलों ने भैरमगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के भटपल्ली गांव के पास एक जंगल से पकड़ा है. छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 13/ई बटालियन और स्थानीय पुलिस ने उसे उस समय गिरफ्तार कर लिया जब उसे इलाज के लिए जगदलपुर शहर के एक अस्पताल में ट्रांसफर किया जा रहा था.

अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने विकास के पास से 80,000 रुपये नकद, नक्सली वर्दी, नक्सली साहित्य, पर्चे, नोटबुक और दवाएं जब्त की हैं. उन्होंने कहा, चूंकि गिरफ्तार नक्सली के एक अन्य नक्सली दिलीप बेडजा के साथ अच्छे संबंध थे, इसलिए दिलीप बेडजा ने उसे इलाज के लिए बुलाया और पैसे भी मुहैया कराए.

Uttarpradesh

## ऑनलाइन गेम में 3.5 लाख जीतने वाले युवक ने दे दी जान, दबंग कर रहे थे परेशान, 55 हजार छीन चुके थे

**अमेठी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के अमेठी के एक युवक को ऑनलाइन गेम में साढ़े तीन लाख रुपये जीतना ही उसकी मौत का कारण बन गया. युवक के द्वारा जीते हुए पैसों को हड़पने के लिए गांव के कुछ दबंगों ने उसपर इस तरह से दबाव डाला कि युवक ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिससे गांव में हड़कंप मच गया. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया है. साथ ही पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही में जुट गई है. मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है. परिजनों के मुताबिक, उनका बेटा राकेश यादव कुछ दिन पूर्व मोबाइल पर ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपये जीता था. खेल में जीते हुए



पैसे की खबर गांव के कुछ दबंगों को मिली, जिस पर वे पैसा हड़पने की नीयत से बेटे को प्रताड़ित करने लगे. डरा धमका कर 55 हजार रुपये ले भी लिए थे. लेकिन इतने पैसे लेने के बाद भी दबंग और पैसों की मांग करने लगे. जिससे तंग आकर राकेश ने जान दे दी.

खेल

# सुकांत, सुहास और तरुण की बैडमिंटन में जीत से शुरुआत, मानसी-मंदीप को मिली हार

**पेरिस, (एजेंसी) भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरुण ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल कर अच्छी शुरुआत की। हालांकि, महिला एकल के ग्रुप चरण में मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 वर्ग में हार का सामना करना पड़ा।**



### वापसी कर जीते सुकांत, सुहास ने एकतरफा अंदाज में हासिल की जीत

सुकांत ने ग्रुप बी के शुरुआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21, 21-15, 22-20 से जीत हासिल की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7, 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरुण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरियो जूनियर जेवियर को 21-17, 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है।

नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल ( एसएल 3, एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गईं। उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23-21, 21-11 से हराया।

### दबाव में हारीं मानसी

मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन दबाव में आकर 21-16, 13-21, 18-21 से हार गईं। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21, 14-21 से शिकस्त मिली।

सिनेमा

## 'शोषण करने वाले को मारो थप्पड़, शिकायत करने में सालों मत लगाओ', एक्टर विशाल की महिलाओं को सलाह



जस्टिस हेमा कमेटी रिपोर्ट सामने आने के बाद से साउथ सिनेमा में हलचल मची हुई है. सरकार द्वारा बनाई गई इस कमेटी ने मलयालम सिनेमा में महिलाओं के साथ हुए यौन, शारीरिक और मानसिक शोषण की रिपोर्ट जारी की है. इसके बाद से कई एक्ट्रेसेज और अन्य महिलाओं ने अपनी आपबीती को खुलकर सुनाया. मलयालम सिनेमा से जुड़े कई बड़े एक्टर्स और डायरेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. इस बीच तमिल एक्टर विशाल ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बात की.

एक्टर और प्रोड्यूसर विशाल ने इंडिया टुडे/आजतक के साथ तमिल फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की सेफ्टी पर अपने विचार रखे. उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने साथ शोषण करने वाले शख्स को थप्पड़ मारना चाहिए और अगर उनके साथ कुछ भी गलत होता है तो तुरंत उसकी शिकायत करनी चाहिए. उन्होंने ये भी कहा कि तमिलनाडु की एक्टर्स एसोसिएशन नादिगर संगम जल्द महिला आर्टिस्ट की मदद के लिए एक प्लेटफॉर्म खड़ा करेगी, जिसपर वो शिकायतें रजिस्टर कर पाएंगी.

विशाल ने कहा, 'ये सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री में नहीं, बल्कि सभी इंडस्ट्री में हो रहा है. महिलाओं का शोषण इन दिनों नॉर्मल चीज बन गई है.

## Highlights


1. **2-yr-old kidnapped boy refuses to leave kidnapper as Jaipur police rescue him after 14 months**
2. **Structural consultant of Shivaji Maharaj statue that collapsed in Maha arrested**
3. **Indians deficient in iron, calcium & folate: Lancet study**
4. **We're humans too: Wife of Kolkata policeman injured during protest**
5. **Rare cyclone 'Asna' to form over Arabian Sea off Gujarat coast today**

# Intel facing 'most difficult period in its 56-year history', exploring options

**NEW DEIHI, (Agency).** Intel Corp. is working with investment bankers to help navigate the most difficult period in its 56-year history, according to people familiar with the matter.

The company is discussing various scenarios, including a split of its product-design and manufacturing businesses, as well as which factory projects might potentially be scrapped, said the people, who asked not to be identified because the deliberations are private.

Morgan Stanley and Goldman Sachs Group Inc., Intel's longtime bankers, have been providing advice on the possibilities, which could also include potential M&A, the people said. The discussions have only grown more urgent since the Santa Clara, California-based company delivered a grim earnings report, which sent the




shares plunging to their lowest level since 2013.

The various options are expected to be presented during a board meeting in September, the people said.

No major move is imminent and discussions are still in early stages, the people cautioned. A representative for Intel declined to comment, while Morgan Stanley and Goldman Sachs didn't immediately respond to requests for comment.

A potential separation or sale of Intel's foundry division, which is aimed at manufacturing chips for outside customers, would be an about-face for Chief Executive Officer Pat Gelsinger. Gelsinger has viewed the business as key to restoring Intel's standing among chipmakers and had hoped it would eventually compete with the likes of Taiwan Semiconductor Manufacturing Co., which pioneered the foundry industry.

# Flying Vistara? You can do so till November 11, book tickets till September 3

**NEW DEIHI, (Agency).** Following the merger of Vistara with Air India, which is set to be concluded soon, passengers will only be able to book tickets till September 3 for flights that will be operating till November 11.

"We are delighted to share with you that Vistara and Air India are all set to take the next significant step in their integration journey. Starting 03 September 2024, customers




will, progressively, no longer be able to make bookings with Vistara for travel on or after 12 November 2024. Vistara will continue to take bookings and operate flights, as usual, till 11 November 2024," Vistara said in a statement.

This comes after India cleared the last roadblock to Air India's merger with Vistara, approving a S$360 million ($276 million) investment by Singapore Airlines Ltd. into the new combined carrier.

# युवक की कॉन्टैक्ट लिस्ट पाकिस्तान से हैक

## 35 लाख नहीं दिए तो अश्लील फोटो वायरल किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के इंजीनियरिंग स्टूडेंट ऋषि वाजपेयी (24 साल) के पास पाकिस्तान के नंबर से कॉल आया। यह व्हॉट्सएप कॉल था और इस पर पुलिस जैसी कोई इमेज दिख रही थी। इसलिए स्टूडेंट ने कॉल रिसीव कर लिया। फोन उठाते ही सामने से आवाज आई ऋषि तुमने 35 लाख रुपए का लोन लिया था, उसे अब तक क्यों नहीं चुकाया? यह कॉल पाकिस्तान से आया था।**



यह सुनते ही ऋषि पहले तो घबराया फिर संभलते हुए कहा मैंने कोई लोन नहीं लिया। लेकिन कॉलर नहीं माना। उसने मामला सेटल करने के लिए 280 यूके पाउंड (करीब बीस हजार रुपए) की मांगे। कहा कि बाकी पैसा बाद में चुका देना। लेकिन ऋषि अपनी बात पर अड़ा रहा। दोनों की बातचीत यहीं खत्म हो गई।


दो दिन बाद ऋषि की कॉण्टेक्ट लिस्ट हैक हो गई। उसकी कॉण्टेक्ट लिस्ट से चार लोगों के व्हॉट्सएप नंबर पर लगी डीपी के फोटो को क्रॉप करके अश्लील फोटो जोडक़र वायरल कर दिए। यह फोटो उसी पाकिस्तानी नंबर से वायरल किए गए थे, जिस नंबर से लोन की रिकवरी के लिए ऋषि के पास फोन आया था।

बदमाशों ने ऋषि के अलावा ये डीप फेक फोटो उन चारों लोगों को भी भेज दिए गए, जिनकी डीपी से फोटो लिए थे। इन्हें ऋषि के नंबर से से भेजा गया था। लिहाजा वे ऋषि को फोन लगाने लगे। इस पूरे घटनाक्रम से घबराए ऋषि ने एडवोकेट कृष्णकुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर के साथ गुरुवार को पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता से पूरे मामले की शिकायत की। ऋषि ने चारों मामलों के साथ वसूली के लिए आए नंबर की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। पुलिस कमिश्नर ने जांच का आश्वासन दिया है। इस मामले में पुलिस अफसरों का कहना है कि यह डिजीटल अरेस्ट और सेक्सटॉर्शन से अलग तरह का मामला है।

## विशेषज्ञों ने बैंक खातों के कुशल संचालन की बताई बारीकियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय रिजर्व बैंक के जमा कर्ता शिक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम में इंदौर की प्रिय सखी महिला संघ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। महिला संघ संभागभर में आम लोगों के बैंक विशेषज्ञों की मौजूदगी में बैंकिंग व्यव्हार, बचत एवं ऋण खातों का कुशलतापूर्वक संचालन, धोखाधड़ी से बचने के उपाय, रोजगार मूलक योजनाएं, बीमा एवं ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में खंडवा में कार्यशाला का आयोजन जिला प्रबंधक श्रीमती जय श्री, लायंस क्लब प्रमुख अणिमा उबेजा, वसीम कुरैशी, धनश्याम वाधवा, विषय विशेषज्ञ श्री आरके जैन, अनिल जैन की मौजूदगी में हुआ। डिजिटल बैंकिंग का फायदे बताए एवं सावधानी-सतर्कता रखने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। प्रियसखी महिला संघ की सीईओ आरती कुशवाह ने आभार माना।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक